परिवहन तथा नौवहन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) इस परियोजना पर 114.20 लाख रुपये की लागतें का अनुमान है और इसके लिये निम्न प्रकार से धन की व्यवस्था मंजूर की गई है :—

(रुपये लाखों में)

(1) केन्द्रीय सड़क निधि आरक्षित .	38.06
(2) केन्द्रीय सड़क निधि से उत्तर प्रदेश सरकार को नियतन	38.07
(3) केन्द्रीय सड़क निधि से मध्य प्रदेश सरकार को नियतन .	38.07
	114.20

(ख) सूचना एकत्रित की जा रही है और यथासमय लोक सभा के पटल पर रख दी जायेगी ।

पशुओं की हड्डियों से उर्वरक बनाना

4461. **श्री नाथूराम अहिरवार** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पशुओं की हड्डियों से उर्वरक बनाने का एक कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उस पर कब तक निर्णय कर लिया जायेगा ; और

(ग) क्या इस बात को ध्यान में रखते हुए कि मध्य प्रदेश में टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना क्षेत्रों में पालतू तथा वन्य पशुओं की हड्डियां प्रचुर मात्रा में मिलती हैं, सरकार का विचार यह उर्वरक कारखाना वहां स्थापित करने का है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठता ।

भूमिहीन व्यक्तियों को ऋण

4462. **श्री रामचन्द्र वीरप्पा** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भूमिहीन व्यक्तियों को भी ऋण देती है ; और

(ख) यदि हां, तो किस प्रयोजन के लिए और यह योजना कहां-कहां लागू की गई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) और (ख). एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या LT—900/67]

Ganguli Bridge and Approach Roads on National Highway in South Kanara District

4463. **Shri Lobo Prabhu:** Will the Minister of **Transport and Shipping** be pleased to state:

(a) the increased cost in the construction of the Ganguli Bridge and approach roads on the National Highway in the South Kanara District on account of the repeated extensions of the contract; and

(b) whether Government propose to issue instructions to the effect that no extension should be given without recording the reasons and without the prior approval by the next higher authority competent to grant the extensions?

The Deputy Minister in the Ministry of Transport and Shipping (Shri

Bhakt Darshan): (a) and (b). The information on the points is being collected and will be laid on the Table of the House in due course.

Teachers' Constituencies

4464. Shri Ramavatar Shastri:
Shri K. M. Madhukar:

Will the Minister of **Law** be pleased to state:

(a) whether members are elected to the Legislative Councils in different States from the Teachers' Constituencies also;

(b) whether any proposal to abolish the Teachers' Constituencies is under consideration by Government; and

(c) if so, the reasons therefor?

The Deputy Minister in the Ministry of Law (Shri D. R. Chavan): (a) Yes, Sir.

(b) Presently there is no proposal in this regard.

(c) Does not arise.

चौथी योजना में पर्यटन का विकास

4465. **श्री महाराज सिंह भारती :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री 13 जून, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2266 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि चौथी योजना अवधि में पर्यटन के विकास के लिए नियत 25 करोड़ रुपये की राशि में से 2.57 करोड़ की विदेशी मुद्रा को किस प्रकार खर्च किया जायेगा ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : चौथी योजना की अवधि में पर्यटन कार्यक्रम पर किये जाने वाले 25 करोड़ रुपये के व्यय में 2.57 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा के अंश का अन्तिम ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

क्रम संख्या	मद	विदेशी मुद्रा (लाख रु० में)
1.	सरकारी क्षेत्र के अन्तर्गत होटलों के लिए भारत पर्यटन विकास निगम के जरिए उपस्कर	1.20
2.	पर्यटकों के लिए वातानुकूलित कारों की खरीद . .	0.25
3.	भारत में बनाई जाने वाली पर्यटक कोचों के लिए वातानुकूलन यूनिटों का आयात .	0.135
4.	भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा 'ध्वनि तथा प्रकाश' झांकियों के प्रदर्शन की व्यवस्थापना . . .	0.11
5.	पर्यटन साहित्य तथा फिल्मों इत्यादि के उत्पादन तथा निर्माण के लिए भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा कागज और फिल्मों इत्यादि का आयात .	0.69
6.	गुलमर्ग (काश्मीर) में जाड़ों के खेलों के लिए उपस्कर तथा विशेषज्ञ-परामर्श . .	0.185
	योग	2.570

फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश) में गंगा नदी का पुल

4466. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :**
श्री मोलहू प्रसाद :

क्या परिवहन तथा नौवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में गंगा नदी पर पुल बनाने के लिए सरकार